सेमेस्टर परीक्षा में पकड़े गए तीन नकलची

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की सोमवार से शुरू हुई सेमेस्टर परीक्षा में पहले दिन तीन नकलची पकड़े गए। विवि की उड़न दस्ता टीम ने रुड़की आरसीपी कॉलेज में फार्मेसी के एक छात्र को सुबह की पाली में नकल करते हुए पकड़ा।

जबकि, रुड़की के ही आरआईटी इंस्टीट्यूट में बीटेक कंप्यूटर साइंस की एक छात्रा को नकल करते पकड़ा गया। वहीं, टीएचडीसी हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज नई टिहरी में फ्लाइंग दस्ते की टीम ने एक छात्र को नकल करते हुए पकड़ा।

वहीं, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने राजपुर रोड स्थित जीआरडी इंस्टीट्यूट, आईसीएम कॉलेज राजपुर रोड और ज्ञानी इंदर सिंह फार्मेसी कॉलेज, मसूरी डायवर्जन रोड का निरीक्षण किया। संवाद